Model Question Paper

CAREER RELATED B. Com. DEGREE EXAM
First Degree Programme Under CBCSS
HINDI LANGUAGE AND LITERATURE
Common Course – Hindi Language

HN 1111.2 HINDI - PROSE & LETTER WRITING

(2013 Admission)

Time: 3 Hrs. Marks: 80

I निर्देशः एक या दो वाक्यों में उत्तर लिखिए। (10 x 1 =10)

1 प्रेमचंद की सबसे पहली कहानी का नाम बताइए।

2 'एस्से ओन इमेजिनेशन' का हिंदी अनुवाद किसने किया था?

3 'शेष स्मृतियाँ' किसकी रचना है?

4 आधुनिक मीरा किसका उपनाम है?

5 'बाणभट्ट की आत्मकथा' किस विधा की रचना है?

6 'वसुधा' पत्रिका के संपादक कौन-कौन थे?

7 हिंदी के मीडिया विशेषज्ञ साहित्यकार कौन हैं?

8 पत्र लिखनेवाले को क्या कहते हैं?

9 बड़े भाई के नाम पत्र लिखते समय अभिवादन क्या होता है?

10 पत्र-लेखन के कितने प्रकार होते हैं?

II निर्देशः किन्हीं आठ प्रश्नों के लघु उत्तर (करीब 50 शब्दों में) दीजिए। (8 x 2 =16)

11 पुलिस का मानवतावाद क्या है?

12 माधव अपनी पत्नी के पास क्यों नहीं जाता है?

13 'भीष्म को क्षमा नहीं किया गया' - लेख लिखने की प्रेरणा क्या-क्या थीं?

14 महादेवी वर्मा की रचनाओं पर टिप्पणी लिखिए।

15 'चिरकाल से मनुष्य यही प्रयत्न कर रहा है कि किसीप्रकार वह उस अप्राप्य अमृत को प्राप्त करे, जिसप्रकार वह अमृत हो जाय' - व्याख्या कीजिए।

16 स्त्री और पुरुष परंपरागत दृष्टि से किन-किन के प्रतीक हैं?

17 क्रोध और वैर में क्या अंतर है?

18 'क्रोध सब मनोविकारों से फुर्तीला है' – ऐसे क्यों बताया गया है?

19 विज्ञापनवालों के खाल तंत्र की व्याख्या कीजिए।

20 आदमी का न आम अंगूर से कुछ वैर न भेड बकरे से - व्याख्या कीजिए।

21 नए सौंदर्यवाद के शब्दकोष के अनिवार्य शब्द क्या-क्या हैं?

22 ताज किसका प्रतीक है?

III निर्देशः किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर करीब 120 शब्दों में दीजिए। (6 x 4 = 24)

23 व्यावसायिक पत्र की सामान्य विशेषताएँ क्या-क्या हैं?

24 ड्राफ्ट खो जाने पर भुगतान रोकने का अनुरोध करते हुए बैंक के प्रबंधक के नाम पत्र लिखिए।

25 जीवन बीमा की रकम के भुगतान केलिए पत्र लिखिए।

26 संस्था की साख जानने हेतु लिखे जानेवाले पत्र का नमूना दीजिए।

27 दो दिनों की छुट्टी मांगते हुए विभागाध्यक्ष के नाम पत्र लिखिए।

28 देवस्वोम बोर्ड कॉलेज में अध्यापक का पद खाली है। उक्त पद केलिए आवेदन पत्र तैयार कीजिए।

29 निमंत्रण पत्र का नमूना प्रस्तुत कीजिए।

30 माल शीघ्र मंगाने का आग्रह-पत्र का नमुना प्रस्तुत कीजिए।

31 पुस्तक बिक्रेता को शिकायती पत्र का नमूना प्रस्तुत कीजिए।

IV निर्देशः किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर करीब 250 शब्दों में दीजिए। (2 x 15 = 30)

32 'कफ़न' कहानी की कथावस्तु लिखकर सिद्ध कीजिए की 'गरीबी मानव को अमानवीय व्यवहार केलिए बाध्य करता है।'

33 सिद्ध कीजिए की हरिशंकर परसाई एक सफल व्यंग्यकार हैं।

34 'भीष्म को अवतार नहीं माना गया' - लेखक के अनुसार इसके क्या कारण हो सकते हैं?

35 महादेवी वर्मा के प्राणियों के प्रति सहानुभूति का शब्द-चित्र खींचिए।